लिये इण्डियन आयल कारपोरेशन के प्रत्येक डीलर को कितने-कितने रीफिलों का आवंटन किया गया है; और

(ख) रीफिलों की सप्लाई करने के लिये प्रत्येक डीलर के पास पंजीकृत प्रत्येक आवेदनकर्ता का नाम तथा पता क्या-क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त): (क) रिफिलों की औसत मासिक बिक्री के बारे में सूचना अनुबन्ध में दी गयी है। [देखिये परिशिष्ट 149, अनुपत्र सं० 161]।

(ख) इण्डियन आयल कारपोरेशन के 124 वितरकों द्वारा लगभग 7.12 लाख उपभोक्ताओं की सेवा की जा रही है। प्रत्येक एल०पी०जी० वितरक के पास पंजीकृत प्रत्येक आवेदक का नाम और पता एकत्र करने में लगने वाले प्रयास प्राप्त किये जाने वाले उद्देश्य के अनुरूप नहीं होगा।

एल०पी०जी० डीलरों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार को रोकना

3972. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सम्पूर्ण देश में एल०पी०जी० डीलरों द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिये तेल निगम की कम्पनियों के कार्यकरण की जांच हेतु एक संसदीय समिति नियुक्त करने का विचार रखती है अथवा कोई विसंगति सरकार के ध्यान में लाई गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त): (क) और (ख) ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। एल०पी० जी० वितरकों के खिलाफ प्राप्त सभी शिकायतों की तत्काल जांच की जाती है और जहां कहीं आवश्यक होता है, दोषी वितरकों के खिलाफ विपणन अनुशासन दिशा निर्देशों के अनुसार उचित कार्यवाही की जाती है जो चेतावनी पत्र जारी करने से लेकर कुछ मामलों में वितरण केन्द्र को समाप्त करने तक होती है।

Making provision for allotment of LPG dealerships in retired officers

2973, DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what are the guidelines for allotment of LPG dealerships;

(b) whether any new agencies are proposed to be allotted in Delhi in the near future; if so, by when; and

(c) whether there is any proposal to give preference to retired Army/ Civil officers in the allotment of LPG agencies and if not, whether Government propose to make provision for this while framing the rules for allotment of LPG agencies?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI BRAHM DUTT); (a) Allotment of dealerships/distributorships for petroleum products including LPG is at present being made as per following reservations: